# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, सोने की अनावश्यक खरीद और विदेशों में शादी–ब्याह समारोह आयोजित करने से बचने का आह्वान किया है। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि देश के युवा आज जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं, उससे उनके सपने साकार होंगे।

***स्वदेशी का मंत्र वोकल फोर लोकल विदेशों की यात्राएं अगर घूमने–फिरने जाते हैं तो नहीं करना चाहिए। शादी–ब्याह अगर विदेशों में करते हैं नहीं करना चाहिए। मेड इन इंडिया के मंत्र को जीना चाहिए और जरूरत ना हो तो सोना भी नहीं खरीदना चाहिए। हम जितना ज्यादा स्वदेशी पर बल देंगे, जितना आत्मनिर्भर पर बल देंगे। मुझे पक्का विश्वास है जब आजादी के सौ साल होंगे। हम हमारी युवा पीढ़ी को विकसित भारत सुपुर्द करेंगे।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम–यूपीसीओएस का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशीलता सुशासन की पहली शर्त है और इसीलिये प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से आउटसोर्स कार्मिकों को एक संस्थागत सुरक्षित भविष्य प्राप्त होगा।

***अब इस व्यवस्था के लागू होने के बाद, हम इस बात को मानते हैं कि अधिकार अब किसी व्यक्ति की कृपा पर नहीं मिलेंगे, बल्कि आपकी मेहनत पर प्राप्त होंगे। व्यवस्था अब बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहेगी और जानकारी अस्पष्ट नहीं होगी। यानी पूरी जानकारी का एक पोर्टल उपलब्ध होगा। कोई भी कर्मचारी जानना चाहेगा, उस पर उपलब्ध होगा। और मैं मानता हूँ, इसमें हमारा कर्मचारी अब अकेला नहीं होगा। आपके पास यह आउटसोर्स सेवा निगम आपके साथ होगा।***

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यूपीसीओएस के कारण किसी भी कर्मचारी के साथ किसी भी प्रकार का कोई शोषण नहीं होगा। साथ ही सरकार मातृत्व अवकाश सहित सभी वैधानिक सेवा लाभ की उपलब्धता भी इसके माध्यम से सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में 'सेवा संकल्प अभियान' की कार्ययोजना को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। यह अभियान प्रदेश भर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

***अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाना है। इसके जरिए प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने की कोशिश होगी। अभियान की कार्ययोजना को लेकर कल आयोजित बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 'सेवा संकल्प अभियान' को जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रभावी संचालन के लिए शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय और जनपद स्तर पर समन्वय की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अभियान का शुभारंभ सत्रह सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश भर में प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, नदी घाटों, मंदिरों, पार्कों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और चिकित्सालयों में भी विशेष दीप प्रज्वलन कराया जाए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

रुक–रुक कर हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। साथ ही कई अन्य जिलों में वहां की प्रमुख नदियां उफान पर हैं। वाराणसी जिले में गंगा नदी का जल स्तर 2 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। अंबेडकरनगर जिले में सरयू नदी के जलस्तर में भी 1 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही है। इस बीच, चित्रकूट जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। वहां मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे दुकानदारों और स्थानीय लोगों को एनडीआरएफ टीम की मदद से सुरक्षित निकाला जा रहा है।

***प्रदेश में बारिश से होने वाली जनहानि, पशु हानि और आर्थिक हानि को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर निकलने के दिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने वर्षा, आकाशीय बिजली से हुए नुक्सान का आंकलन कर, दो से चार घंटे में मुआवजा देने का निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित परिवारों तक भोजन, राहत सामग्री और जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम भी जारी है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल से लेकर सात सितम्बर तक कहीं कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आज भी इस अंचल में कहीं कहीं भारी से लेकर बहुत भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

**********